Title : The Speaker on behalf of the House paid homage to the Great revolutionaries Shaheed Bhagat Singh, Shaheed Rajguru and Shaheed Sukhdev who got martyred on 23 March, 1931. The Speaker further made reference to the passing away of Shri Hindurao Nilkanthrao Naik Nimbalkar, member of the Eleventh Lok Sabha. He also made reference to the reported loss of lives of 17 security personnel of the Central Reserve Police Force and injury to 15 others, who martyred in a dastardly Maoist attack in Sukma district of Chhattisgarh on 21 March, 2020.

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, जैसा कि हम सभी जानते हैं कि 23 मार्च, 1931 को शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरु और शहीद सुखदेव ने अपने देश को विदेशी शासन की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए शहादत दी । इन शहीदों की बहादुरी, साहस और देशभक्ति हमारे देश के युवाओं के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहेगी ।

इस अवसर पर, आइये हम शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरु, शहीद सुखदेव और उन सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करें, जिन्होंने भारत को स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अपने प्राणों को न्यौछावर किया ।

माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को हमारे पूर्व सदस्य, श्री हिन्दूराव नीकांतराव नाईक निम्बालकर के दुखद निधन के संबंध में सूचित करना है जो ग्यारहवीं लोक सभा के सदस्य थे और उन्होंने महाराष्ट्र के सतारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । श्री हिन्दूराव नीकांतराव नाईक निम्बालकर का निधन 15 मार्च, 2020 को 71 वर्ष की आयु में हुआ । हम अपने पूर्व सहयोगी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं । यह सभा शोक-संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करती है ।

माननीय सदस्यगण, एक कायरतापूर्ण माओवादी हमले में 21 मार्च, 2020 को छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में एक पुलिस गश्ती दल पर हथियारों से लैस माओवादियों द्वारा गोलियां चलाए जाने से कथित रूप से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 17 सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए और 15 घायल हो गए ।

सभा इस कायरतापूर्ण हमले, जिससे मृतक के परिवारों को पीड़ा और दुख पहुंचा है, पर गहरा दुख व्यक्त करती है । अब सभा हमारे दिवंगतों और सभी शहीदों की याद में थोड़ी देर मौन खड़ी रहेगी ।

Then the Hon. Members stood in silence for a short while.